प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 13.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....

जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति पर आज सड़क सुरक्षा अभियान का राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

....

उप मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में श्री बैरवा ने कहा कि प्रदेशभर में इस अभियान के माध्यम से लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही राहगीरों से सड़क दुर्घटना के शिकार हुए लोगों तुरंत अस्पताल पंहुचाने की अपील की जा रही है।

....

जैसलमेर में आज से दो दिन के न्यायिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की ओर से हो रही वेस्ट जोन रीजनल कांफ्रेंस में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत भी शिरकत कर रहे है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट और अन्य उच्च न्यायालयों के करीब 200 जज शामिल है। इसमें न्यायिक प्रक्रिया में तकनीक के उपयोग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जा रही है। कांफ्रेंस से पहले सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई राजस्थान हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीशों की फुल कोर्ट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें महीने के दो शनिवार को हाईकोर्ट खोलने के निर्णय संबंधी समाचार मिल रहे है। इससे पूरे साल में अदालत के कार्य दिवसों की संख्या 24 दिन बढ जायेगी।

....

अलवर स्थित सिलिसेढ़ झील को रामसर साईट घोषित किया गया है। ये झील देश की 95 वीं रामसर साइट बनी है। यह जैव–विविधता, जल और जलवायु सुरक्षा और सतत आजीविका के लिए एक सराहनीय उपलब्धि है। यहां 100 से अधिक प्रजातियों के पक्षी देखे जा सकते है। रामसर साइट का मतलब ऐसी आर्द्रभूमि है जिसे अंतरराष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया गया है, ताकि उसका संरक्षण हो सके। उसके संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके।

....

राज्य सरकार ने राजस्थान जन विश्वास उपबंधों का संशोधन अध्यादेश–2025 के संबंध में गजट नोटिफिकेशन जारी किया। इस अध्यादेश के माध्यम से 11 विभिन्न अधिनियमों में मामूली उल्लंघन या तकनीकी गलती के लिए कारावास जैसे आपराधिक दण्ड हटा कर उनके स्थान पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि 3 दिसंबर को मुख्यमंत्री श्री शर्मा की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में इस अध्यादेश का अनुमोदन किया गया था। केन्द्र सरकार के जन विश्वास प्रावधानों में संशोधन अधिनियम–2023 की तर्ज पर राज्य में भी **राजस्थान जन विश्वास उपबंधों का संशोधन अध्यादेश– 2025** का प्रारूप तैयार किया गया है। इससे ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलने के साथ ही मुकदमेबाजी में भी कमी आएगी।

....

राष्ट्र आज संसद आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है। आज ही के दिन 13 दिसंबर 2001 को सुरक्षाकर्मियों ने संसद की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल ने संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य सांसदों ने भी शहीदों को पुष्प अर्पित किए।

....

प्रदेश के अधिकतर शहरों में तापमान में उछाल दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रात के पारे में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी रिकॉर्ड हुई हैं। आज सबसे कम 6 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआ। बीकानेर के लूणकरणसर, नागौर और दौसा में भी रात का पारा 6 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक

राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में फिलहाल 1–2 दिन कई स्थानों पर बादलो की आवाजाही बनी रहेगी और शीतलहर से राहत के आसार है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

....

जयपुर में कल संभाग स्तरीय "वाटरशेड महोत्सव" का आयोजन हुआ। इसमें जलग्रहण विकास और जल स्वावलम्बन अभियान के तहत कराए गए कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपडा और जमवारामगढ के विधायक महेन्द्र पाल मीना ने संबोधित किया। विधायक श्री मीना ने प्रतिभागियों से जल संग्रहण चारागृह विकास और अन्य गतिविधियों के व्यापक कियान्वयन पर जोर दिया। जयपुर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने वर्षा जल संचयन के लिए कृषि और अकृषि भूमि पर एनिकट तथा रीचार्ज शाफ्ट बनाने पर जोर दिया।

....